जागरण सिटी

दैनिक जागरण

आगरा

www.jagran.com

सप्तरंग
आमने सामने
की जी रहा हूं
IV

नच बलिए सीजन 9 के होस्ट होंगे सुनील ग्रोवर II

मंच से ओडीओपी समिट में लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करते अतिथि। दूसरे चित्र में उत्पादों की जानकारी लेते मुख्यमंत्री व अन्य। • जागरण

बेबाक

दुखहरण की नौका पर देश का खेल

सूबे में सबसे ठंडा शहर रहा आगरा

5.6

ओडीओपी समिट में लगी 15 जिलों के उत्पादों की प्रदर्शनी

एमएसएमई मंत्री ने किया शुभारंभ, लाभार्थियों को बांटी दुर्घटना बीमा और ऋण के चेक

छोटे उद्योग हैं प्रदेश का भविष्य

मंच से ओडीओपी स्टॉल में मंत्री और उनकी पत्नी सुनीता चौहान व अन्य अतिथि • जागरण

आगरा दुर्ग केंद्र के ओडीओपी स्टॉल में मंत्री उत्पादों के बारे में जानकारी ले रहे हैं। साथ में एडीएम सिटी पूर्णेंदु सिंह व अन्य • जागरण

प्रदर्शनी में थे ये जिलों के उत्पाद

प्रदेश के 15 जिलों के 91 उत्पादकों ने 36 स्टॉलों में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। आगरा व धनबाद से दर्री उत्पाद, फीरोजाबाद से कांच, लखनऊ से हर्बल प्रोडक्ट, कन्नौज से इत्र, लखीमपुर खीरी व चंदौली से जरदोजी, हाथरस से हस्तशिल्प कलाकृति, हरदोई से जूते, बरेली से झुमका, बांदा से मूंज, महोबा से गौरव पत्थर, देवरिया से लाख की चूड़ी और कुशीनगर से कैले के 3 स्टॉल में अन्य उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री कुशल ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने 2017 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। तब सरकार बनने के करीब 330 दिन बीत चुके थे। मंत्रियों को विभाग जानकारी थी नहीं। बहुत अनुभव आए। हर्दे, उन्नाव का उद्योग देखा कुशल, आगरे का पेठा, एटा के अलावा पूरा ब्रज, बनारस साड़ी, भदोही का कालीन, बीमा सिंह आदि की मुलाकात हुई। मंत्रालय संभाला तो पता चला कि यह कुछ नहीं है, इससे बड़ा है। तब हमने तय किया कि हम उद्योग के प्रदेश नहीं चल सकता और लोगों को रोजगार भी नहीं मिल सकता। बड़ी-बड़ी इंडस्ट्री भी नहीं लग सकतीं। उनका परपज भी नहीं है। छोटे उद्योग उस का भविष्य हैं। लघु उद्योगों को संरक्षण और संवर्धन देना सरकार का संकल्प है। इसके माध्यम से हम नौजवानों को नौकरी के लिए भटकने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाना चाहते हैं।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सतपदेव पचौरी ने शुरुआत को सोना सिंदर आगरा ट्रेड मेंटर में यह बात कही। वे सोहर उत्पाद, कांच उत्पाद, मृतिका उत्पाद एवं हैंडीक्राफ्ट शिल्पकर्म एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम में आए थे। उन्होंने कहा कि 'नई उड़ान, नई पहचान' यात्रा नहीं जमीन पर उतरना चाहिए। हमारा संकल्प 75 जिलों के उत्पादों का विकास कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराना है, तभी उद्य का समग्र विकास होगा।

हम गुणवत्ता से समझौता नहीं करने चाहते। कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाएंगे, जिसमें तो मेंटेनेंस, प्रशिक्षण की व्यवस्था, प्रदेश को उपकरण और टैक्टिंग लैब होंगे।

सरकार उत्पादों की मार्केटिंग भी करेगी। चार इंडस्ट्रियल पार्कों को जगह हम 20-20 एकड़ के छोटे इंडस्ट्रियल पार्क बनाएंगे। इसका प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जाएगा।

इंडस्ट्री

- सतपदेव पचौरी बोले- हमने सूक्ष्मउद्यम आगरा के उद्योगों पर लगा दांव
- कॉमन फैसिलिटी सेंटर खुलेंगे, 20 एकड़ के छोटे इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे

उद्योगों पर छा गए थे काले बादल

एमएसएमई मंत्री ने कहा कि आगरा में उद्योगों पर काले बादल छा गए थे। उद्योगों के बंद होने की खिड़ा लगा रही थी। हमने उद्योगों पर लगा ताला खुलवा दिया। 35 उद्योग खुल गए थे, हमने 156 खुलवा दिए।

अब डीएम नहीं करा पा रहे हमारे अधिकारियों से वेतन

एमएसएमई तथा निर्यात प्रोत्साहन मंत्री ने कहा कि शुरुआत में एक माह तक तो मैं बहुत परेशान रहा। अधिकारियों से कार्य कराना नहीं सिखाया गया था। अधिकारियों पर लगी जंग छुड़ाने में छह माह लग गए। कानपुर दूर हुई तो ट्रांसफर शुरू हुआ। अब डीएम हमारे अधिकारियों से वेतन नहीं करा पा रहे हैं, उनकि उनके पास समय नहीं है, इतना काम है।